Serial Number

**E-222**

Roll No.

हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा - 2022

Higher Secondary Examination (Main) - 2022

# बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी

# BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

| Total Questions : 23 | Total Printed Pages : 11+1 Blank | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 80 |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । जिसमें सही विकल्प के 06 अंक, रिक्त स्थान के 07 अंक, सही जोड़ी के 06 अंक, एक शब्द / वाक्य में उत्तर के 07 अंक, सत्य और असत्य के 06 अंक निर्धारित हैं ।

(ii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 30 शब्द ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 75 शब्द ।

(iv) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 120 शब्द ।

(v) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं ।

(vi) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का कोई बंधन नहीं है ।



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory** to solve. Question Nos. **1** to **5** are objective type questions. In those, choose the correct option **06** marks, fill in the blank **07** marks, answer in one word / sentence **07** marks, match the columns **06** marks, true and false **06** marks are allotted.

(ii) Question Nos. **6** to **15** are very short answer type questions. Each question carries **2** marks. Word limit **30** words.

(iii) Question Nos. **16** to **19** are short answer type questions. Each question carries **3** marks. Word limit **75** words.

(iv) Question Nos. **20** to **23** are long answer type questions. Each question carries **4** marks. Word limit **120** words.

(v) Question No. **6** to **23** have internal choices.

(vi) There is no limit of words in numerical questions.

**1** सही विकल्प चुनिए : **1×6=6**

(i) आय–व्यय खाते से ज्ञात होता है –

(अ) सकल लाभ (ब) शुद्ध लाभ

(स) आधिक्य या कमी (द) नगद शेष

(ii) अंशों का हरण करते समय अंश पूंजी को नामे किया जाता है

(अ) अंकित मूल्य से (ब) मांगी गई राशि से

(स) चुकाया गया मूल्य से (द) निर्गमित मूल्य से

(iii) साझेदारी का अनिवार्य अंग है –

(अ) हानि को बाँटना (ब) हानि तथा लाभ दोनों को बाँटना

(स) लाभों को बाँटना (द) संपत्तियों को बाँटना

(iv) रोकड़ प्रवाह विवरण संबंधित है –

(अ) लेखांकन प्रमाप–3 से (ब) लेखांकन प्रमाप–6 से

(स) लेखांकन प्रमाप–9 से (द) लेखांकन प्रमाप–12 से



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

(v) निम्न में से कौन सा वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का उपकरण नहीं है ?

(अ) तलपट (ब) तुलनात्मक विवरण

(स) अनुपात विश्लेषण (द) समाकार विवरण

(vi) ख्याति –

(अ) एक चल संपत्ति है। (ब) एक स्थायी संपत्ति है।

(स) एक मूर्त संपत्ति है। (द) एक कृत्रिम संपत्ति है।

Choose the correct option :

(i) Income and Expenditure Account reveals –

(A) Gross Profit (B) Net Profit

(C) Surplus or Deficiency (D) Cash Balance

(ii) At the time of Forfeiture of shares the share capital account is debited with –

(A) Face Value (B) Called up amount

(C) Paid up value (D) Issued value

(iii) The essential element of Partnership is –

(A) To share loss (B) To share loss and profit both

(C) To share profits (D) To share the assets

(iv) Cash Flow statement is related to –

(A) Accounting Standard-3 (B) Accounting Standard-6

(C) Accounting Standard-9 (D) Accounting Standard-12

(v) The following is not a tool of analysis of Financial Statement.

(A) Trial Balance (B) Comparative Statement

(C) Ratio Analysis (D) Common Size Statement

(vi) Goodwill is –

(A) A Flooting Assets. (B) A Fixed Assets.

(C) A Tangible Assets. (D) A Fictitious Assets.



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1×7=7

(i) अयाचित लाभांश ________ पक्ष में दर्शाया जाता है ।
(ii) अनुपात विश्लेषण दो मदों के मध्य ________ संबंध को अभिव्यक्त करता है ।
(iii) ऋणपत्र, ऋण का एक लिखित ________ है ।
(iv) अंशों का हरण करने से पूर्व उसकी सूचना देना ________ है ।
(v) प्रतिभूति प्रीमियम ________ प्रकृति का लाभ है ।
(vi) प्राप्ति-भुगतान खाता ________ व्यवहारों का सारांश है ।
(vii) आय-व्यय खाता एक ________ खाता है ।

Fill in the blank :

(i) Unclaimed dividend is shown on the side ________.
(ii) Ratio Analysis is a ________ expression of relationship between two items.
(iii) Debenture is a written ________ of debt.
(iv) Notice of forfeiture is ________ before forfeiture of shares.
(v) Security premium is ________ nature of profit.
(vi) Receipt and payment account is a summary of ________ transactions.
(vii) Income & Expenditure account is a ________ Account.

3. सही जोड़ी बनाइए : 1×6=6

| 'अ' | | 'ब' | |
|---|---|---|---|
| (1) | विघटन के पश्चात् प्रथम भुगतान | (अ) | साझेदार का ऋण |
| (2) | साझेदार की मृत्यु पर उसके हिस्से का भुगतान | (ब) | अनिवार्य नहीं है |
| (3) | फर्म का आंतरिक दायित्व | (स) | कानूनी उत्तराधिकारी को |
| (4) | फर्म का बाह्य दायित्व | (द) | पेशेवर व्यक्ति |
| (5) | साझेदारी संलेख बनाना | (इ) | तृतीय पक्ष को |
| (6) | चिकित्सक | (फ) | बैंक ऋण |

Match the columns :

| 'A' | | 'B' | |
|---|---|---|---|
| (1) | First Payment after Dissolution | (a) | Partner's Loan |
| (2) | On death of Partner his share is paid | (b) | Is not compulsory |
| (3) | Internal Liability of the firm | (c) | To Legal Representive |
| (4) | External Liability of the firm | (d) | Professional Person |
| (5) | Preparation of Partnership deed | (e) | To Third Party |
| (6) | Doctor | (f) | Bank Loan |



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

4. एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(i) आय-व्यय खाता किस खाते की सहायता से बनाया जाता है ?

(ii) कंपनी के लाभ हानि को अनुसूची के अनुसार कौन से शीर्षक में दिखाया जाता है ?

(iii) कुल लागत, कुल विक्रय के बराबर कहाँ होती है ?

(iv) ऋणपत्र का प्रतिफल क्या कहलाता है ?

(v) पुराने और नये अनुपात का अंतर क्या कहलाता है ?

(vi) ख्याति के मूल्यांकन का आधार क्या है ?

(vii) कौन सी ख्याति हमेशा बदलती रहती है ?

Answer in one word / sentence :

(i) Income and Expenditure A/c is prepared with the help of –

(ii) In which heading of Profit & Loss of the company shown according to schedule ?

(iii) Where total Cost is equivalent to total sales ?

(iv) What is the consideration of debentures ?

(v) The difference between the old and new ratio is called –

(vi) What is the basis of valuation of Goodwill ?

(vii) Which type of Goodwill is always changed ?

5. सत्य / असत्य लिखिए : 1×6=6

(i) कंपनी के चिट्ठे में अधिकृत पूंजी को दर्शाने की आवश्यकता नहीं होती है ।

(ii) वित्तीय विश्लेषण केवल लेनदारों द्वारा प्रयोग में लाए जाते हैं ।

(iii) तुलनात्मक विवरण क्षैतिज विश्लेषण का एक रूप है ।

(iv) बंधक ऋणपत्र सुरक्षित ऋणपत्र कहलाते हैं ।

(v) अंशों के समर्पण का अधिकार अंशधारी का होता है ।

(vi) साझेदारी अनुबंध सदैव लिखित होता है ।

Write True / False :

(i) It is not necessary to show the Authorised Capital in Balance Sheet of a Company.

(ii) Financial analysis is used only by the creditors.

(iii) Comparative statements are the form of horizontal analysis.

(iv) Mortgaged Debentures are called secured debentures.

(v) The right of surrender of shares is enjoyed by shareholder.

(vi) Partnership agreement is always in writing.



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

6. गैर–व्यापारिक संस्थाओं के उदाहरण लिखिए । (कोई चार) 2

Write example of Non-Trading Organisations. (any **four**)

अथवा / **OR**

प्राप्ति–भुगतान खाता किसे कहते हैं ?

What is meant by Receipt and Payment Account ?

7. साझेदारी अधिनियम 1932 के अनुसार साझेदारी की परिभाषा लिखिए । 2

Write the definition of Partnership according to Partnership Act, 1932.

अथवा / **OR**

लाभ–हानि नियोजन खाता किसे कहते हैं ?

What is meant by Profit & Loss Appropriation Account ?

8. ख्याति की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

Write any two characteristics of Goodwill.

अथवा / **OR**

नये साझेदार को कौन से प्रमुख अधिकार प्राप्त होते हैं ?

What are the main rights acquired by a new partner ?

9. साझेदार के निष्कासन से क्या समझते हैं ? 2

What is meant by expulsion of a Partner ?

अथवा / **OR**

लाभ प्राप्ति का अनुपात किसे कहते हैं ?

What is meant by Gaining Ratio ?



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

10 साझेदारी का समापन किसे कहते हैं ? 2

What is meant by Dissolution of a Partnership ?

अथवा / OR

फर्म के समापन पर कौन-कौन से खाते खोले जाते हैं ?

Which accounts are opened on the dissolution of a firm ?

11 कंपनी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

Write any two characteristics of a Company.

अथवा / OR

अग्रिम याचना किसे कहते हैं ?

What is meant by Calls in Advance ?

12 समता अंशों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

Write any two characteristics of Equity Shares.

अथवा / OR

अंशों के हरण का अंशधारी पर प्रभाव लिखिए ।

Write the effect of forfeiture of shares on Shareholder.

13 ऋणपत्रों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । 2

Write any two characteristics of debentures.

अथवा / OR

अशोध्य ऋणपत्र किसे कहते हैं ?

What is meant by Irredeemable debenture ?



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

14 वित्तीय विवरण की कोई दो सीमाएँ लिखिए । 2

Write any two limitations of Financial Statement.

अथवा / OR

तुलनात्मक वित्तीय विवरण किसे कहते हैं ?

What is meant by Comparative Financial Statement ?

15 चालू अनुपात किसे कहते हैं ? 2

What is meant by Current Ratio ?

अथवा / OR

रोकड़ बहाव विवरण किसे कहते हैं ?

What is meant by Cash Flow Statement ?

16 आय-व्यय खाते की विशेषताएँ लिखिए । 3

Write the characteristics of Income and Expenditure accounts.

अथवा / OR

निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर 31 दिसम्बर, 2018, डी.बी. क्लब का प्राप्ति – भुगतान खाता बनाइए :

1 जनवरी, 2018 रोकड़ शेष 20,000 रु., प्रवेश शुल्क 5,000 रु., वेतन दिया 2000 रु., पुस्तकों का क्रय 5000 रु., विविध व्यय 2,500 रु. ।

From the following informations prepare Receipt and Payment Account of D.B. Club for the year ending 31 Dec., 2018.

Cash Balance on 1-1-2018 - 20,000 Rs., Enterance fees 5,000 Rs., Paid Salary 2,000 Rs., Purchase of Books 5,000 Rs., Miscellaneous Expenses 2,500 Rs.



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

17 किन दशाओं में एक साझेदार फर्म से अवकाश ग्रहण कर सकता है ? 3

Under what circumstances can a partner retire from a partnership firm ?

अथवा / OR

पुनर्मूल्यांकन खाता एवं वसूली खाते में अंतर लिखिए । (कोई तीन)

Write the differences between Revaluation Account and Realisation Account. (any **three**)

18 पूर्वाधिकार अंशों के प्रकार लिखिए । 3

Write the types of Preference Shares.

अथवा / OR

महाजन लि.ने जनता में 10 रु. वाले 30,000 समता अंश निर्गमित किये । संपूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गयी । कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।

Mahajan Ltd. issued 30,000 equity shares of Rs. 10 each to the public. The whole amount was received in a lumpsum. Pass necessary journal entries in the Books of Company.

19 एक अच्छे वित्तीय विवरण के आवश्यक गुण लिखिए । (कोई तीन) 3

Write the essential qualities of a good Financial Statement. (any **three**)

अथवा / OR

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के उद्देश्य लिखिए । (कोई तीन)

Write the objectives of Financial Statement Analysis. (any **three**)



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

20 साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले नियमों का उल्लेख कीजिए । (कोई चार) 4

State the rules which are applicable in the absence of partnership deed. (any **four**)

**अथवा / OR**

कुमुद, सुमुद तथा कीर्ति ने 1-4-2016 को साझेदारी प्रारंभ की । उनका लाभालाभ अनुपात क्रमशः 4:3:3 है । कुमुद ने व्यक्तिगत रूप से कीर्ति को गरंटी दी है कि पूंजी पर 5% वार्षिक ब्याज लगाने के बाद उसका लाभ का भाग 40,000 रु. से कम किसी भी वर्ष में नहीं होगा । उनकी पूंजी क्रमशः 3,00,000 रु., 2,00,000 रु. और 1,50,000 रु. थी । 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ 1,60,000 रु. था । लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइये ।

Kumud, Sumud and Kirti started partnership in the ratio of 4:3:3 respectively on 1-4-2016. Kumud personally guaranteed that Kirti shared of profit after charging interest on capital @ 5% p.a. would not be less than Rs. 40,000 in any year. The capital contributed by them was Rs. 3,00,000, Rs. 2,00,000 and Rs. 1,50,000 respectively. The profit of the firm was Rs. 1,60,000 for the year ended 31 March, 2017. Prepare Profit and Loss Appropriation Account.

21 1 जनवरी, 2018 को ख्याति का मूल्यांकन विगत पाँच वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय पर कीजिए । पाँच वर्षों के लाभ हानि निम्नलिखित हैं – 4

2014 लाभ 20,000 रु., 2015 लाभ 15,000 रु., 2016 हानि 13,000 रु., 2017 लाभ 30,000 रु. और 2018 लाभ 38,000 रु. ।

Calculate the value of Goodwill at three years purchase of an average profit of five years. Profit and Loss for last five years are as follow – 2014 Profit Rs. 20,000, 2015 Profit Rs. 15,000, 2016 Loss Rs. 13,000, 2017 Profit Rs. 30,000 and 2018 Profit Rs. 38,000.

**अथवा / OR**

फर्म में नये साझेदार के प्रवेश के कोई चार कारण लिखिए ।

Write any four purposes of admission of a new partner in the firm.



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute

22 अंशों के हरण की विधि लिखिए । 4

Write the procedure of Forfeiture of shares.

अथवा / OR

अंशों के निर्गमन संबंधी जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए ।

Give the journal entries of issue of shares.

23 निम्नलिखित से चालू अनुपात ज्ञात कीजिए : 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 1,00,000 | स्थायी संपत्तियां | 7,50,000 |
| अदत्त वेतन | 12,000 | स्टोक | 2,50,000 |
| देय विपत्र | 88,000 | देनदार | 75,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 5,000 | बैंक में रोकड | 2,70,000 |

Calculate Current Ratio of the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| Creditors | 1,00,000 | Fixed Assets | 7,50,000 |
| Outstanding Salary | 12,000 | Stock | 2,50,000 |
| Bills payble | 88,000 | Debtors | 75,000 |
| Prepaid Expenses | 5,000 | Cash at Bank | 2,70,000 |

अथवा / OR

रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने का महत्त्व लिखिए ।

Write the importance of Cash Flow Statement.



Sajal Tutorials
Awarded Best Maths Commerce Institute